## महत्वपूर्ण एवं खास

### कार्यक्रमों में व्यक्तियों के शामिल होने संबंधी आदेश में आंशिक संशोधन

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए अंत्येष्टि, दशगात्र, मृत्यु संबंधी कार्यक्रम एवं अन्य कार्यक्रमों में अधिकतम 50 व्यक्तियों को सम्मिलित होने की अनुमति दी गई थी। वर्तमान में जिला रायगढ़ में कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण तथा पॉजिटिव मरीजों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। अतएव उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए अंत्येष्टि, दशगात्र, मृत्यु संबंधी कार्यक्रम में अधिकतम 50 एवं अन्य कार्यक्रमों में 150 व्यक्तियों को सम्मिलित होने की अनुमति दी जाती है। उपरोक्त आदेश की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

### 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गांधी जयंती 2 अक्टूबर 2021 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर भीम सिंह ने शुष्क दिवस पर जिले की समस्त देशी मदिरा (सी.एस.-2 घघ), विदेशी मदिरा (एफ.एल.-1, घघ एवं एफ.एल.-3 होटल बार)दुकान तथा भण्डारण भाण्डागार को पूर्ण रूप से बंद रखने हेतु आदेश जारी किया है। उक्त दिवस में मदिरा विक्रय/परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### जिले में 909.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़ ।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 22 सितम्बर तक 909.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 10.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 940.8 मिली मीटर, पुसौर में 1074.2, खरसिया में 832.8, सारंगढ़ में 993.9, बरमकेला में 785.2, घरघोड़ा में 883.2, तमनार में 819.6, लैलूंगा में 918, धरमजयगढ़ में 973.9, सरिया में 771.1 तथा छाल तहसील में 1003.1 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 24 को

**रायगढ़।** अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण)नियम 2014 के अनुसार जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 24 सितम्बर 2021 को शाम 4 बजे से जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत की गई है।

### स्कूल परिसर में 9 वी का छात्र लोहे के सरिया पर गिरा ,अस्पताल में मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** कोरबा जिले के दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत राजीव नगर में एक स्कूली छात्र लोहे का गेट को पार करते समय फिसल कर नुकीले सरिये की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक कोराब राजीवनगर निवासी राहुल वैष्णव पिता स्वर्गीय बद्री प्रसाद 14 वर्ष 9 कक्षा का छात्र स्कूल परिसर में अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था तभी बारिश होने लगा की वजह से तीनों बच्चे लोहे का गेट पार कर रहे थे इसी दौरान राहुल वैष्णव का पैर फिसल गया और वह लोहे के नुकीले सरिया पर गिर गया। इसके चलते उसे गंभीर चोट लगने पर गंभीर हालत में अस्पताल अस्पताल ले जाने पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में दर्री पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना मे जुट गई हैं।

# महिला समूहों द्वारा तैयार उत्पाद के लिए मार्केट लिंकेज पर करें फोकस-कलेक्टर भीम सिंह

**» कलेक्टर सिंह ने लाईवलीहुड की ली बैठक**



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आजीविका संवर्धन से जुड़े सभी विभागों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले के विभिन्न गोठानों में तैयार किए जा रहे मल्टी एक्टीविटी शेड निर्माण कार्य के प्रगति के साथ यहां संचालित हो रही गतिविधियों की विकासखण्डवार समीक्षा की।

उन्होंने मल्टी एक्टीविटी सेंटर में महिला समूहों द्वारा तैयार उत्पादों के अनुसार विक्रय हेतु मार्केट लिंकेज पर फोकस करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय स्तर पर भी उत्पादों का विक्रय बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर सिंह ने सभी जनपद सीईओ के द्वारा उनके विकासखण्ड के गोठानों में संचालित मल्टी एक्टीविटी सेंटर के बारे में जानकारी ली। रायगढ़ के ननसिया में महिला समूह द्वारा बेकरी का कार्य शुरू किया गया है। यहां अभी पेटिस, ब्रेड, कुकिज जैसे आयटम्स तैयार किए जा रहे हैं। महिलाओं को इसके लिए ट्रेनिंग भी दी जा रही है। इसी प्रकार दूसरे गोठानों में भी विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार किए जा रहे है। कलेक्टर सिंह ने महिला समूहों के कार्य की सराहना की तथा उनके उत्पादों के विक्रय के लिए मार्केट लिंकेज कराने के लिए कहा। साथ ही जिले की वेबसाईट में भी समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की डिटेल अपलोड करने व आर्डर प्लेस करने के लिए फोन नंबर जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने सभी विकासखण्ड के चिन्हांकित गोठानों में मल्टी एक्टीविटी सेंटर के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की। धरमजयगढ़ तथा तमनार में निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई तथा निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोठानों में संचालित होने वाली गतिविधियों के अनुरूप आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त मल्टी एक्टीविटी सेंटर स्वीकृत करने के निर्देश भी दिए।

**इंडस्ट्रीयल सेफ्टी उत्पाद भी तैयार करेंगी महिला समूह-** जिले में संचालित उद्योगों में गमबूट्स, ग्लव्स, एप्रेन, फ्लोरोसेंट सेफ्टी जैकेट जैसे औद्योगिक सुरक्षा उत्पाद की मांग को देखते हुये अब महिला समूहों को भी इन उत्पादों के निर्माण कार्य से जोड़ जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने इसके लिए औद्योगिक सुरक्षा अधिकारी को इन उत्पादों के प्रोडक्शन से जुड़े ट्रेनिंग व आवश्यक रॉ-मटेरियल के संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को शुरूआती प्रशिक्षण व कैपिटल इन्वेस्टमेंट जिला प्रशासन द्वारा प्रदान किया जाएगा। उद्योगों से टाईअप होने से समूहों द्वारा तैयार उत्पाद के लिए एक मार्केट तैयार हो सकेगा।

**वन अधिकार पट्टाधारियों को मनरेगा से रोजगार देने में रायगढ़ अव्वल-** बैठक में कलेक्टर सिंह ने वन अधिकार पत्र प्राप्त हितग्राहियों को मनरेगा के तहत 100 दिन का रोजगार प्रदान करने के तहत जिले में हुए कार्यों की समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल ने बताया कि रायगढ़ पूरे प्रदेश में अव्वल चल रहा है। जिले में लक्ष्य के विरूद्ध 32 प्रतिशत लोगों को रोजगार दिया जा चुका है। कलेक्टर सिंह ने जल्द लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए।

**रागी और जवाफूल का बढ़ा रकबा-** कलेक्टर सिंह ने कृषि विभाग द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी ली। बताया गया कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष खरीफ में रागी का रकबा 1600 हेक्टेयर बढ़ा है। इसी प्रकार जवाफूल चावल की खेती को भी अच्छा रिस्पांस मिला था। इसका रकबा 250 से बढ़कर 1500 हेक्टेयर हो गया है। उन्होंने खरीफ के साथ रबी में भी रागी की खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

**सामुदायिक बाड़ियों में विकसित करें सब्जियों की मॉडल फार्मिंग, फूलों की खेती को दे बढ़ावा -** कलेक्टर सिंह ने जिले में सामुदायिक बाड़ियों में सब्जी की खेती को बढ़ावा देते हुये मॉडल फार्मिंग के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक बाड़ी विकास के तहत बड़े भूखण्ड आबंटित किए गए है जिसमें वृहद स्तर पर सब्जियों का उत्पादन लिया जा सकता है। एक स्थान पर बड़े पैमाने पर सब्जी उगाने पर उसके विक्रय में आसानी होगी।

## 19वीं स्टेग छत्तीसगढ़ राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता सम्पन्न

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफइंडिया के सहयोग से दिनांक 23 से 30 सितंबर 2021तक 19वीं स्टेग छत्तीसगढ़ राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2021 का आयोजन सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में किया जा रहा है उक्त प्रतियोगिता के सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष शरद शुक्ला ने जानकारी दी की कोविड को ध्यान रखते हुए सभी वर्गों की एकल प्रतियोगिता का आयोजन अलग अलग दिन किया जा रहा है जिसमें सर्वप्रथम जुनियर (हृष्ठश्वक्र-19) बालक एवं बालिका एकल वर्ग का आयोजन कल दिनांक 23 सितंबर 2021 को किया जा रहा है 7

प्रतियोगिता का शुभारंभ कल प्रातः 09.00 बजे होगा। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के चेयरमेन कुलदीप जुनेजा जी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष शरद शुक्ला जी करेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वरीयता क्रमशः जुनियर बालक वर्ग में रोहन लालवानी (बिलासपुर), करण मल्होत्रा, प्रणय चौहान, रामजी कुमार (तीनों रायपुर) तथा जुनियर बालिका वर्ग में आर. देवांशी, अनन्या दुबे, सुष्मिता सोम (तीनों बिलासपुर), भुनेश्वरी (धमतरी) है।प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर विमल नायर, सहायक मुख्य निर्णायक अन्तर्राष्ट्रीय अंपायर अभिनव शर्मा एवं अरुण बावरिया हैं। उपरोक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

## नेतनागर में अधिक दाम पर बेचा जा रहा था उर्वरक, प्रशासनिक टीम ने की कार्यवाही



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने जिले में खाद की कालाबाजारी व अधिक दामों पर बेचने संबंधी शिकायतों पर लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हुए है। जिसके पालन में कृषि विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में पुसौर विकासखण्ड के मेसर्स बाबा मोहन दास एग्रो वर्क, ग्राम नेतनागर में जिला की संयुक्त टीम द्वारा यूरिया को अधिक दाम पर बेचते पाये जाने पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। यहां विक्रेता द्वारा कृषक से यूरिया को निर्धारित दर 266.50 से अधिक 500 रुपये पर बेचा जाना पाया गया। जिसके कारण जांच टीम द्वारा संबंधित प्रतिष्ठान से उर्वरकों के विक्रय को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया। जांच टीम में सुश्री माया अंचल तहसीलदार पुसौर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मनीषा राठौर, उर्वरक निरीक्षक उसत पटेल, दीपक पटेल शामिल रहे।

## 15 दिनों में बढ़ाये कम्पोस्ट निर्माण का कन्वर्जन रेशियो-कलेक्टर

**» कलेक्टर सिंह ने गौठान समितियों की ली बैठक**



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने जिले के लक्ष्य से कम वर्मी कम्पोस्ट कन्वर्जन रेशियो वाले गोठान समितियों तथा वहां के नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने गोठानों में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण का काम बेहतर करने गोठानवार समीक्षा की। जिसके आधार पर बैठक में शामिल सभी गौठान समितियों को उन्होंने आगामी 15 दिनों में गोबर से वर्मी कम्पोस्ट निर्माण का कन्वर्जन रेशियो सुधारने के निर्देश दिए। इन गोठानों में कम्पोस्ट निर्माण में आ रही समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर सिंह ने जिले के 35 गोठानों में गोबर खरीदी तथा उससे कम्पोस्ट निर्माण की समीक्षा की। इन गोठान समितियों द्वारा बताया गया कि अधिकांश स्थानों में समूह की सक्रिय भागीदारी नहीं होने कारण वर्मी का उत्पादन प्रभावित हुआ। जिस पर कलेक्टर सिंह ने जिन गोठानों में कार्यरत महिला समूह सक्रिय नहीं है उन्हें बदलने के निर्देश दिए। साथ ही भालूमार तथा बनोरा गोठान में जहां पानी की समस्या से कन्वर्जन प्रभावित हो रहा है वहां पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोबर खरीदी के साथ वर्मी कम्पोस्ट निर्माण का कार्य नियमित रूप से करने के लिए कहा। तैयार कम्पोस्ट को समितियों में भंडारित करने की बात कही। उन्होंने गोठानों में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण सुधारने के लिए सभी को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिले के अधिकांश गोठानों में बेहतर कन्वर्जन रेशियों के साथ कार्य किया जा रहा है। अतः कम उत्पादन वाले गोठानों में भी कन्वर्जन रेशियो बढ़ाने की दिशा में कार्य करना होगा। इसके लिए उन्होंने कम्पोस्ट निर्माण की प्रक्रिया अनुसार नियमित रूप से छनाई व टाको में गोबर की फिलिंग का कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी समितियों को इसके लिए विशेष प्रयास करने होंगे, जिससे जल्द कन्वर्जन रेशियो सुधारा जा सके। उन्होंने कहा कि गोठानों में पर्याप्त संख्या में वर्मी पिट तैयार किए गए है। कम्पोस्ट की भी अच्छी खासी मांग है। इसके पश्चात भी कुछ गोठानों में कन्वर्जन रेशियो कम है। जिसे उन्होंने आगामी 15 दिन के अंदर सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने गोठान में कार्यरत महिला समूहों के भुगतान की जानकारी लेते हुये सभी जनपद सीईओ को समूहों के नियमित भुगतान का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने गोठान के नोडल अधिकारी एवं सचिव को प्रतिदिन गोठान का निरीक्षण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि गोठानों में आवश्यक वस्तुओं की पूर्ति पंचायत स्तर पर किया जाए। गोठानों में मल्टी एक्टीविटी गतिविधियां संचालित हो एवं वहां पशु प्रतिदिन आए यह सुनिश्चित करें। इसके साथ ही कलेक्टर सिंह ने सभी जनपद सीईओ से कम कन्वर्जन वाले गोठानों की ब्लाक स्तर पर नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल, सहायक कलेक्टर प्रतीक जैन, उप संचालक कृषि एल.एम.भगत, सहकारिता सुरेन्द्र कुमार गोड़, उप संचालक पशु आर.एच. पाण्डेय, जनपद सीईओ, एसएडीओ, आरईओ, सचिव, महिला स्व-सहायता समूह तथा संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मौसम विभाग की चेतावनी : राज्य के तीन संभागो में हो सकती है जोरदार बारिश



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी में रायपुर सहित प्रदेश के कई इलाको में पिछले 3 दिनों से हल्के बादल छाए हुए हैं. वही हलकी बूंदाबांदी भी देखने को मिल रही है. कई जगह रिमझिम बारिश भी हुई है वही उमस से लोग परेशान हैं। वही मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को प्रदेश के सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग के एक-दो स्थानों में भारी वर्षा की संभावना जताई हैं. मौसम विभाग के मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा का कहना है कि बुधवार को प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने और भारी वर्षा होने की संभावना है. इस दौरान प्रदेश के तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है.एचपी चंद्रा ने बताया कि भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यता सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग में एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है।

## आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना पहुंची 86 प्रतिशत परिवारों तक

**» 30 सितंबर तक चलने वाले आयुष्मान पखवाड़ा में निःशुल्क बनवा सकते हैं आयुष्मान कॉर्ड**

**» देश में एक दिन में सबसे ज्यादा आयुष्मान कार्ड पंजीयन का रिकॉर्ड छत्तीसगढ़ के नाम**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत आयुष्मान कॉर्ड पंजीयन का दायरा लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश के 86 फीसदी परिवारों में किसी एक सदस्य का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। योजना के तीन वर्ष पूरे होने पर देशभर में आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भी 15 सितम्बर से 30 सितंबर तक आयुष्मान पखवाड़ा संचालित किया जा रहा है। इस दौरान निःशुल्क आयुष्मान कॉर्ड बनाए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में 16 सितम्बर 2018 से प्रारंभ आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के सभी क्षेत्रों में राज्य ने अच्छा प्रदर्शन किया है। प्रदेश की 44 फीसदी आबादी ऐसी है, जिनका आयुष्मान कार्ड का पंजीयन हो चुका है। पंजीकृत हितग्राही अनुबंधित अस्पतालों में जाकर अपना आयुष्मान कॉर्ड दिखाकर सीधे योजना का लाभ ले सकते हैं। राज्य में आपके द्वार आयुष्मान अभियान के तहत् लगभग एक करोड़ पांच लाख हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड का पंजीयन किया गया था। पंजीकृत हितग्राहियों को संबंधित चॉइस सेंटर से ही पीवीसी आयुष्मान कार्ड) उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

**छत्तीसगढ़ आयुष्मान कार्ड पंजीयन में देश में तीसरे स्थान पर-** राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के आंकड़ों के मुताबिक छत्तीसगढ़ आयुष्मान कार्ड पंजीयन के मामले में देश में तीसरे स्थान पर हैं। राज्य में योजना की शुरूआत से अभी तक लगभग एक करोड़ 37 लाख हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड का पंजीयन किया जा चुका हैं और यह क्रम अनवरत जारी हैं। वर्तमान में संचालित आयुष्मान पखवाड़ा के दौरान भी प्रदेश भर में बड़े पैमाने पर आयुष्मान कार्ड का पंजीयन किया जा रहा हैं।

आपके द्वार आयुष्मान अभियान के तहत छत्तीसगढ़ ने पूरे देश में कीर्तिमान रचा था। 01 मार्च से 30 अप्रैल 2021 तक चले इस अभियान में 25 मार्च की तारीख कीर्तिमान के रूप में दर्ज है।

# राजकीय सम्मान के साथ युद्धवीर सिंह जूदेव का अंतिम संस्कार किया गया

**» स्व. युद्धवीर सिंह जूदेव को कविता और शायरी से बहुत लगाव था**



**रायपुर (आरएनएस)।** पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक स्व. युद्धवीर सिंह जूदेव का आज बाकी नदी स्थित मुक्तिधाम में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सुरक्षा बल के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए सलामी दी। केन्द्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह, लोकसभा सांसद गोमती साय, खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत, संसदीय सचिव एवं कुनकुरी विधायक यूडी मिंज और जशपुर विधायक विनय भगत ने युद्धवीर को पुष्प चक्र अर्पित करते हुए विनम श्रद्धांजलि दिए। सभी ने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति और परिजनों को दुःख की इस घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। स्व. युद्धवीर सिंह जूदेव का बैंगलूरू के एक निजी अस्पताल में 20 सितम्बर 2021 प्रातः 4 बजे निधन हो गया था। स्व. युद्धवीर सिंह जूदेव को कविता और शायरी से बहुत लगाव था। उन्हीं के लब्जों में कुछ चुनिंदा शायरी जो यादें हैं - ''थक गया हूं, तेरी नौकरी से ए जिंदगी, मुनासिब होगा मेरा हिसाब कर दे'' और अपने सभी शुभचिंतकों के लिए उनका प्रेम भरा शायरी- मैं खाक में भी मिलकर तुझसे जुदा हो नहीं सकता और इससे ज्यादा मैं तेरा हो नहीं सकता।

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के स्व. युद्धवीर सिंह जूदेव के लिए शोक संदेश का जशपुर विधायक ने किया वाचन-** जशपुर विधायक विनय भगत ने आज जशपुर बाकी नदी मुक्तिधाम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दिवंगत स्व. युद्धवीर सिंह जूदेव के लिए शोक संदेश का वाचन किया और उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना किए। इस अवसर पर पूर्व अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकुमार साय, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व सांसद रणविजय सिंह जूदेव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर, पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, रामविचार नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत, पूर्व मंत्री गणेश राम भगत, रामप्रताप सिंह, ओपी चौधरी, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, विक्रमादित्य सिंह जूदेव, उनके परिजन, जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्री महादेव कावरे, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस.के.मण्डावी, गणमान्य नागरिक और जिला प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित थे।

**मंत्री अमरजीत भगत ने विजय विहार पहुंचकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की-** खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग मंत्री अमरजीत भगत ने आज विजय विहार पहुंचकर पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक दिवंगत स्व. युद्धवीर सिंह जूदेव को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किए साथ ही दुख की इस घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। संसदीय सचिव कुनकुरी विधायक यू.डी. मिंज, जशपुर विधायक विनय भगत ने भी श्रद्धांजलि अर्पित किए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480